Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- श्रीगंगानगर में डॉ महेन्द्र सिंह चिकित्सा अधिकारी, स्त्री एवं प्रसुती रोग विशेषज्ञ, सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र घड़साना जिला श्रीगंगानगर 3500/- रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथो गिरफ्तार।

जयपुर, दिनांक 16 जुलाई, 2026। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी श्रीगंगानगर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **डॉ. महेन्द्र सिंह चिकित्सा अधिकारी, स्त्री एवं प्रसुती रोग विशेषज्ञ, सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र घड़साना जिला श्रीगंगानगर** को परिवादी से उसकी पत्नी के गर्भ में करीब तीन माह का बच्चा खराब होने से उसकी सफाई करने की एवज में **3500/- रूपये** बतौर रिश्वत लेते हुये रंगे हाथो गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** ने बताया कि एसीबी चौकी श्रीगंगानगर को परिवादी द्वारा एक शिकायत इस आशय की मिली कि उसकी पत्नी जो तीन माह की गर्भवती थी, के बीमार होने पर राजकीय सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र घड़साना में डॉ महेन्द्र सिंह को दिखाया तो डॉक्टर ने बच्चा गर्भ में मरा हुआ था कि सफाई करवाने की एवज में 4,000/- रूपये रिश्वत की मांग की, नही देने पर ईलाज/ सफाई नही करने को कहा।

जिस पर एसीबी बीकानेर रेंज के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री नारायण टोगस** के सुपरविजन में एसीबी श्रीगंगानगर के **अति. पुलिस अधीक्षक श्री पवन कुमार मीणा** के नेतृत्व में आज **श्री राजेन्द्र कुमार पुलिस निरीक्षक** एवं ब्यूरो स्टाफ के ट्रेप कार्यवाही करते हुये आरोपी डॉ. महेन्द्र सिंह चिकित्सा अधिकारी, स्त्री एवं प्रसुती रोग विशेषज्ञ, सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र घड़साना जिला श्रीगंगानगर को परिवादी से 3500/- रूपये बतौर रिश्वत रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथो गिरफ्तार किया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव तथा महानिरीक्षक पुलिस श्रीमती एस. परिमला** के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1064 एवं व्हाट्सएप हेल्पलाइन नम्बर 9413502834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी सहायता करेगी।